तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 2 सितंबर 2025

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

09 नगर साहू समाज महिला प्रकोष्ठ ने धूमधाम..



10 मड़कडी में हुआ राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन



B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065

# बिफरे भाजयुमो ने किया राहुल गांधी का किया पुतला दहन

## प्रधानमंत्री की माता को लेकर कथित टिप्पणी पर फूटा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बिहार में राहुल गांधी की सभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने तीखी प्रतिक्रिया दी। सोमवार को बलौदाबाजार भाटापारा जिला भाजयुमो द्वारा स्थानीय चौक पर राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया गया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव ने इसे कांग्रेस की गिरती सोच और राहुल गांधी की ओछी मानसिकता का उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री की मां को अपशब्द कहना न केवल अशोभनीय है बल्कि पूरे लोकतांत्रिक मूल्यों पर आघात है।

**ये रहे शामिल :** कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष खुशबू बंजारे, पवन साहू, कृष्णा अवस्थी, राकेश ध्रुव, रवि वर्मा, जितेन्द्र महाले, सतीष साहू, तरुण वर्मा, दीपक नेगी, नीलम सोनी, अनुपम बाजपेयी, लोकनाथ जायसवाल समेत कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए।





### विरोध की यह थी वजह

कार्यक्रम में राहुल गांधी की सभा के दौरान पीएम की मां को लेकर कथित रूप से अपमानजनक शब्द बोले गए, जिसे भाजपा ने देश की संस्कृति और मान्यताओं के खिलाफ बताया। भाजयुमो ने इसे भारतीय परिवार व्यवस्था पर सीधा हमला मानते हुए विरोध जताया और कहा कि लोकतंत्र में असहमति का स्थान हो सकता है, लेकिन किसी की मां को घसीटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने कैंप में किया रक्तदान

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी शाखा बलौदाबाजार द्वारा सोमवार को जिला चिकित्सालय में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर दीपक सोनी ने इस शिविर में पहुंचकर रक्तदान किया। रक्तदान उपरांत इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। कलेक्टर श्री सोनी ने रक्तदान को महादान बातते हुए लोगों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया। सीएमएचओ डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि रक्तदान शिविर में कुल 16 यूनिट रक्त दान से प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि 18 से 65 वर्ष का व्यक्ति जिसका वजन 45 किलोग्राम तथा हीमोग्लोबिन 12.5 हो वह रक्तदान कर सकता है। एक बार मे 350 मिली रक्त ही निकाला जाता है। एक व्यक्ति साल में 4 बार रक्तदान कर सकता है। इससे किसी प्रकार की कोई कमज़ोरी नहीं आती है। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. राजेश कुमार अवस्थी, सिविल सर्जन डॉ. अशोक वर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

### शतरंज स्पर्धा में सशिमं को मिला प्रथम स्थान



**पलारी।** सरस्वती शिशु मंदिर पलारी के भैय्या वर्ग विभाग स्तरीय बैडमिंटन एवं शतरंज प्रतियोगिता 31 अगस्त को सरस्वती शिशु मंदिर देवेन्द्र नगर रायपुर में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में 16 आयु वर्ग एवं 18 आयु वर्ग के बालक वर्ग में दोनों प्रथम स्थान प्राप्त किए। वहीं बेडमिंटन में द्वितीय स्थान प्राप्त किए। 16 आयु वर्ग में हर्ष जायसवाल, रोहन साहू, नेश कुमार, रिहान गुप्ता, यशवंत कुमार वहीं 18 आयु वर्ग में जिज्ञासु वर्मा, निखिल पटेल, समीर वर्मा, प्रवीण वर्मा, समीर वर्मा ने भाग लिया। सभी विजयी प्रतिभागियों को विद्यालय के प्राचार्य ने शुभकामनाएं दी एवं समस्त आचार्य दीदीयों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय समिति के पदाधिकारियों ने भी विजयी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।

### बोर से अवैध कनेक्शन लेने मना किया तो मारपीट

**महासमुंद।** बोर से अवैध कनेक्शन लेकर मोटर पंप चलाने से मना करने पर एक व्यक्ति से मारपीट के मामले में सांकरा पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम बड़ेलोरम में एक सितंबर को सुबह करीब 7 बजे इंदर साहू के बोर से गांव का रोहित प्रधान अवैध कनेक्शन लेकर नाला में मोटर पंप चला रहा था, जिसे इंदर साहू ने मना किया जिस पर आरोपी ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की।

## कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर सख्ती, निर्धारित दर पर खाद वितरण के निर्देश

# विभाग ने कृषि सेवा केंद्रों का किया निरीक्षण अनियमितता मिलने पर पांच केंद्रों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

किसानों को उचित दर पर कृषि आदान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर कृषि विभाग की टीम ने सोमवार को जिले के विभिन्न कृषि सेवा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर पांच कृषि केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। बलौदाबाजार विकासखण्ड में निरीक्षक लोकनाथ दीवान ने गुरुदेव कृषि केंद्र, रसेड़ा का निरीक्षण किया। यहां बिल बुक अद्यतन नहीं पाई गई और कीटनाशकों एवं उर्वरकों के स्त्रोत प्रमाण पत्र संधारित नहीं थे, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि नियमानुसार अभिलेख संधारण नहीं किया गया।

पलारी विकासखण्ड में निरीक्षक सुचिन वर्मा द्वारा ग्राम दतान के चार कृषि केंद्रों का निरीक्षण किया गया। गुलशन कृषि सेवा केंद्र, किसान कृषि केंद्र, विवेक कृषि सेवा केंद्र और वेद कृषि सेवा केंद्र में कैश क्रेडिट मेमो अद्यतन नहीं मिले और स्त्रोत प्रमाण पत्रों का अभाव पाया गया। सभी केंद्रों को नियमानुसार कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। भाटापारा विकासखण्ड में उर्वरक निरीक्षक अवधेश कुमार उपाध्याय ने अतुल एंटरप्राइजेज का निरीक्षण किया। यहाँ कृषकों को शासन द्वारा निर्धारित दर पर टोकन के माध्यम से यूरिया वितरण करते पाया गया, जो नियमों के अनुरूप है।

उप संचालक कृषि दीपक नायक ने स्पष्ट कहा है कि सभी कृषि आदान विक्रेताओं को नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा, अन्यथा विभागीय कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण कार्य आगे भी जारी रहेगा।

### पक्के बिल और प्रमाण पत्र अनिवार्य

कृषि विभाग ने सभी कृषि सेवा केंद्रों को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसानों को हर विक्रय पर पक्का बिल प्रदान किया जाए और उस पर किसान का हस्ताक्षर लेकर एक प्रति केंद्र में संधारित की जाए। साथ ही कीटनाशकों एवं उर्वरकों का स्त्रोत प्रमाण पत्र अपडेट रखना अनिवार्य किया गया है, ताकि पारदर्शिता बनी रहे।



### प्रशासन की सख्ती से मचा हड़कंप

जिले में लगातार हो रही निरीक्षण कार्यवाहियों से कई केंद्रों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों का कहना है कि किसानों के हितों से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। कृषि आदान सामग्री के विक्रय में गड़बड़ी करने वालों पर आगे भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### कलेक्टर ने की खाद भंडारण और वितरण की समीक्षा

**बलौदाबाजार।** जिले में यूरिया की बढ़ती मांग को देखते हुए कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को कृषि, सहकारिता एवं संबंधित विभागों की बैठक लेकर उर्वरक भंडारण और वितरण की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां अधिक मांग है, वहां की समितियों को प्राथमिकता से यूरिया उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नैनो यूरिया के उपयोग के प्रति किसानों को जागरूक किया जाए, ताकि परंपरागत उर्वरकों पर निर्भरता कम हो और बेहतर उत्पादन मिल सके। साथ ही उन्होंने तय मूल्य से अधिक कीमत पर उर्वरक बेचने वालों के विरुद्ध सख्त जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि हाल ही में 400 मीट्रिक टन यूरिया का आवंटन जिले को मिला है, जिसे समितियों में भंडारित किया गया है। आगामी 3-4 दिनों में एक और खेप के रूप में 400 मीट्रिक टन यूरिया मिलने की संभावना है।



### पंजीयन प्रक्रिया में तेजी के निर्देश

कलेक्टर दीपक सोनी ने एग्रीस्टेक पोर्टल पर अब तक पंजीयन से वंचित किसानों को जल्द से जल्द शामिल करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सभी पात्र कृषकों को उर्वरक लाभ देने के लिए पोर्टल पर अद्यतन डेटा जरूरी है, और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### यूरिया वितरण लक्ष्य से आगे

अब तक जिले में 27,000 मीट्रिक टन के लक्ष्य के विरुद्ध 28,700 मीट्रिक टन यूरिया का वितरण किया जा चुका है। वर्तमान में 53 मीट्रिक टन यूरिया डबल लॉक में उपलब्ध है, जिसे आवश्यकता अनुसार समितियों को वितरित किया जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि विभाग द्वारा किसानों की जरूरतों को समय पर पूरा किया जा रहा है।

## कुसभाठा हत्याकांड के आरोपी गिरफ्त से बाहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसीवां

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के सलिहा थाना अंतर्गत ग्राम कुसभाठा में हुए चर्चित सोहनलाल मरकाम हत्याकांड को डेढ़ माह बीत चुके हैं, लेकिन मुख्य आरोपी अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। इस लापरवाही को लेकर पुलिस प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

हत्या के बाद से अब तक सिर्फ 7 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है, जबकि पीड़ित पक्ष का दावा है कि इस सामूहिक हमले में 15 से 17 लोग शामिल थे, जिनमें महिलाएं भी थीं। बची हुई आरोपी खुलेआम गांव में घूम रहे हैं और पीड़ित परिवार को केस वापस लेने के लिए धमकियां दे रहे हैं। बीते दिनों पीड़ित परिवार ने अपने बच्चों और ग्रामीणों के साथ सारंगढ़ एसपी कार्यालय पहुंचकर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। पीड़ितों का कहना है कि उन्हें लगातार जान से मारने की धमकी दी जा रही है, जिससे पूरा परिवार दहशत में है।

### वारदात की भयावहता पीड़िता की जुबानी

हम खेत में काम कर रहे थे तभी बहुत लोग आ गए। मेरे पति पर टंगिया और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया। हम सबको भी मारा-पीटा गया। हम जान बचाकर भागे। अब धमकी मिल रही है कि केस वापस लो, वरना जान से मार देंगे।

### एसपी ने दिया आश्वासन

घटना के बाद सात लोगों की गिरफ्तारी के अलावा कोई खास प्रगति नहीं हो पाई है। गांव के लोगों और गवाहों का कहना है कि उन्होंने हमलावरों को पहचाना है, लेकिन एफआईआर में नाम नहीं जोड़े गए। पीड़ितों को डर है कि आरोपी फिर हमला कर सकते हैं। एसपी ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही सभी आरोपी गिरफ्तार होंगे।

## गांजा बेचने की फिराक में थे आरोपी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

- 32 हजार का गांजा और दो बाइक बरामद

ग्रामीण थाना पुलिस ने सोमवार को जयस्तंभ चौक के पास ग्राम खोखली में दो युवकों को अवैध गांजा बिक्री की कोशिश करते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी ग्राहकों की तलाश में घूम रहे थे, तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया।



पुलिस ने आरोपियों की मोटरसाइकिल और झिल्ली में रखे मादक पदार्थ की सूक्ष्म तलाशी ली, जिसमें कुल 2.100 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। जब्त गांजे ▶▶ शेष पेज 09 पर

## सतनामी समाज ने किया प्रदेश स्तरीय साहित्य प्रकोष्ठ का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

- सतनाम संदेश पत्रिका का भी किया गया संपादकीय पुनर्गठन

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज, रायपुर के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय साहित्य प्रकोष्ठ का गठन एवं सतनाम संदेश पत्रिका के संपादकीय मंडल का पुनर्गठन किया गया। यह



महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश अध्यक्ष एल.एल. कोशले की अध्यक्षता में संपन्न हुई। साहित्य प्रकोष्ठ में सेवाराम बांधे को अध्यक्ष नियुक्त किया गया, वहीं मंगत रविन्द्र, एस.एस. निराला और डॉ. दादूलाल जोशी उपाध्यक्ष बनाए गए। डॉ. रामनारायण ▶▶ शेष पेज 09 पर

## दुष्यंत का राष्ट्रीय मल्लखंभ प्रतियोगिता में चयन

### पलारी थाना प्रभारी ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

- जिले के सात खिलाड़ियों का राज्य स्तर के लिए हुआ चयन
- जिले के युवा खिलाड़ियों ने दिखाया दम

बलौदाबाजार जिले के खिलाड़ियों ने एक बार फिर खेल जगत में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। हाल ही में नारायणपुर में 28 से 31 अगस्त तक आयोजित राज्य स्तरीय मल्लखंब प्रतियोगिता में बलौदाबाजार जिले के 7 खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तर के लिए हुआ।

इसी प्रतियोगिता में पलारी थाना क्षेत्र के ग्राम खैरी निवासी 13 वर्षीय दुष्यंत धृतलहरे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय मल्लखंब प्रतियोगिता में जगह बनाई है। उनकी इस उपलब्धि पर पलारी थाना प्रभारी हेमंत पटेल स्वयं उनके घर पहुंचे और उन्हें पुष्पहार पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने दुष्यंत के माता-पिता को भी बधाई दी और उनके योगदान की सराहना की।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का जलवा

28 से 31 अगस्त तक नारायणपुर में आयोजित राज्य स्तरीय मल्लखंब प्रतियोगिता में बलौदाबाजार के कुल 40 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें से सात का चयन राज्य स्तर के लिए हुआ। चयनित खिलाड़ियों में दुष्यंत धृतलहरे, लुकेश्वर मारकंडे, अभिषेक कोसरिया, हरिओम ढिढि, नरेश गेंदरे, अनाया ठाकुर और अंजली यादव शामिल हैं। इनमें से तीन खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर भी जगह बनाई है।

### थाना प्रभारी का संदेश और शुभकामनाएं

पलारी थाना प्रभारी हेमंत पटेल ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल खिलाड़ी की मेहनत की जीत है, बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बच्चों के माता-पिता की भी प्रशंसा की। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से साइबर ठगी से बचने की अपील करते हुए जागरूक रहने को कहा। जिला मल्लखंब संघ ने भी सभी चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं और राष्ट्रीय मंच पर प्रदेश का नाम रोशन करने की उम्मीद जताई है।

## आदिवासी महासभा ने धूमधाम से मनाया विश्व आदिवासी दिवस

# आदिवासी समाज छत्तीसगढ़ की पहचान : मोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

गोड समाज बोईरडीह चक के ग्राम कुथरौद में रविवार को विश्व आदिवासी दिवस बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसमें प्रमुख अतिथियों ने आदिवासी वीरांगना महारानी दुर्गावती के चित्र के समक्ष माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति डॉ. मोहन लाल वर्मा ने कहा कि आदिवासी समाज छत्तीसगढ़ की पहचान है और वे जल, जंगल, जमीन के सच्चे संरक्षक हैं। उन्होंने बताया कि आदिवासी मंत्रालय द्वारा प्रत्येक वर्ष 30 लाख छात्रों को स्कॉलरशिप दी जा रही है, साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए सरकार कार्यरत है।



इस दौरान गोंड महासभा ने समाज की व्याप्त समस्याओं पर गंभीर चर्चा की। सभा में उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी आदिवासी समाज के विकास और सांस्कृतिक संरक्षण पर अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम में आदिवासी समाज के सदस्यों ने पारंपरिक नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर कार्यक्रम को और भी जीवंत बनाया। बड़ी संख्या में ग्रामीण और आदिवासी समुदाय के लोग इस आयोजन में शामिल हुए।



### आदिवासी विकास के लिए सरकारी पहल

छत्तीसगढ़ सरकार ने आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। 22,500 से अधिक गांवों को चिन्हित कर वहां बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रत्येक पीजीवीटी समूह के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जो समुदाय की आवश्यकताओं को समझकर समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं।

### सांस्कृतिक संरक्षण और परंपराओं का सम्मान

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी संस्कृति और परंपराओं को उजागर करने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। पारंपरिक नृत्य, गीत और लोक कला से माहौल उत्सवमय बना। यह आयोजन आदिवासी संस्कृति के संरक्षण और युवाओं में जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम बना।

# ट्रिपलआईटी के छात्र पढ़ेंगे डिजिटल मानविकी, तीसरे सेमेस्टर से मिलेगा अतिरिक्त विकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

ट्रिपलआईटी के छात्र अब इंजीनियरिंग के विषयों के साथ ही डिजिटल मानविकी जैसे विषयों का भी अध्ययन करेंगे। फिलहाल रायपुर ट्रिपलआईटी के छात्रों को ही यह सुविधा मिलेगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत यह व्यवस्था की गई है। ट्रिपलआईटी प्रबंधन के मुताबिक, इस पहल का उद्देश्य छात्रों को उभरते तकनीकी क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्रदान करना है, ताकि वे भविष्य की इंडस्ट्री की चुनौतियों का सामना कर सकें।

हरिभूमि सरोकार

नए पाठ्यक्रम में अनुभवात्मक शिक्षा और स्किल-बेस्ड कोर्सेज को विशेष महत्व दिया गया है। बीटेक पाठ्यक्रम में छात्रों को मेजर, माइनर और ऑनर्स के विकल्प दिए जाएंगे। तीसरे सेमेस्टर से प्रत्येक छात्र किसी एक माइनर स्ट्रीम का चयन कर अपनी मुख्य डिग्री के साथ एकअतिरिक्त विशेषज्ञता प्राप्त कर सकेगा। इससे विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई को अधिक लचीला, बहु-विषयी और भविष्य उन्मुख बनाने का अवसर मिलेगा। सत्र 2025 से बीटेक और एमटेक सहित पीएचडी कार्यक्रमों में भी यह पाठ्यक्रम लागू किया जाएगा। पिछले दो महीनों से ट्रिपलआईटी की अकादमिक टीम इस दिशा में कार्यरत थी। संस्थान के बोर्ड ऑफ स्टडीज और अकादमिक सीनेट द्वारा इस नई संरचना को अनुमोदित कर दिया गया है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत छात्रों को उनके विषयों के इतर अन्य विषयों के अध्ययन का अवसर प्रदान करना भी शामिल है, ताकि विद्यार्थीजिस विषय की डिग्री हासिल कर रहे हैं, उसके साथ किसी अन्य क्षेत्र में भी विशेषज्ञता प्राप्त कर सकें।

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत ट्रिपलआईटी ने प्रदान की छात्रों को नई सुविधा
- साइबर सिक्योरिटी एवं डिजिटल फॉरेंसिक्स के भी विकल्प

### सभी ब्रांच के छात्र कर सकेंगे चयन

ट्रिपलआईटी के निदेशक प्रो.ओमप्रकाश व्यास ने बताया, संस्थान के शिक्षकों की टीम ने अपनी विशेषज्ञता और उपलब्ध संसाधनों के आधार पर विद्यार्थियों के लिए भविष्य उन्मुखी एवं रोजगार परक नई अकादमिक संरचना को इस प्रकार से अंतिम रूप दिया है जिससे तीनों ब्रांच के छात्र इसका चयन कर सकें। बीटेक के प्रत्येक छात्र को अपनी मुख्य ब्रांच में मेजर-डिग्री के साथ एक अन्य विषेशज्ञता के क्षेत्र को चुनने का विकल्प दिया जाएगा।जिस विषय का चुनाव छात्र द्वारा किया जाएगा, उस विषय में छात्रों को माइनर डिग्री प्रदान की जाएगी, जिससे छात्रों के पास तकनीक के इस बदलते हुए दौर में भी संभावनाएं बनी रहेंगी।



### इन विषयों का विकल्प

1. डिजिटल ह्यूमैनिटीज
2. साइबर सिक्योरिटी एवं डिजिटल फॉरेंसिक्स
3. डिजिटल मोबिलिटी–इलेक्ट्रिक व्हीकल टेक्नोलॉजी
4. क्वांटम कंप्यूटिंग
5. बिजनेस इंफॉर्मेटिक्स

## खबर संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर में डॉ. सहाय को बुद्धा पुरस्कार

**रायपुर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रीनगर में शेर-ए-कश्मीर कन्वेंशन सेंटर में एक भव्य समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम के उपराज्यपाल ने छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध फिजिशियन एवं समाजसेवी प्रो डॉ. अजय सहाय को अतिविशिष्ट समाज सेवाओं के लिए अंतर्राष्ट्रीय बुद्धा पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर भारत सरकार के कबिनेट मंत्री रामदास आठवले विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। ज्ञात हो कि डॉ. अजय सहाय विगत चार दशकों से समाज के कमजोर तबकों, सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों, पिछड़े ट्राइबल एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में निस्वार्थ सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

### जवाहर नगर मंडल ने सुना मन की बात कार्यक्रम



**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो पर प्रसारित कार्यक्रम मन की बात का 125वां संस्करण जिले भर के सभी भाजपा मंडलों के बूथों पर सुना गया। रविवार को यह आयोजन ललिता चौक में किया गया। मन की बात के संबंध में जवाहर नगर मंडल के महामंत्री रमेश शर्मा ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम जन-जन को एक सूत्र में पिरोकर राष्ट्र के उत्कर्ष की दिशा में आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम बना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी का मन की बात कार्यक्रम हमेशा की तरह जवाहर नगर मंडल के सदस्यों द्वारा सुना गया। कार्यक्रम मुख्य रूप से रायपुर भाजपा जिला के सभी मंडलों के बूथों पर सुना जाता है। जहां सभी मंडल के अध्यक्ष, पदाधिकारी, कार्यकर्ता, पार्षद, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा के साथ राजधानीवासी भी शामिल होते हैं। इस अवसर पर इंदिरा गांधी वार्ड के पूर्व पार्षद भावेश पिथालिया, मंडल महामंत्री रमेश शर्मा, मंत्री दिनेश शर्मा, मनोज विश्वकर्मा, सुभाष बख्शी, दिनेश, पिंटू, संजय साहू, पूनम सोनी, लक्ष्मीनारायण साहू, अल्पसंख्यक मोर्चा के भूपेंद्र मक्कड़, सुनील साहू, तथा अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

### इंजीनियर ऑफ द ईयर अवार्ड समोराह 15 को

**रायपुर।** इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए इंजीनियर ऑफ द ईयर अवार्ड समारोह अभियंता दिवस पर 15 सितंबर को आयोजित है। समारोह के लिए अवार्ड देने की चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। एसोसिएशन के सचिव इंजी. विपिन शर्मा और इंजी. योगेश शर्मा ने बताया कि प्रैक्टिसिंग इंजीनियर वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से इंजीनियरिंग के क्षेत्र में पिछले 25 वर्षों से छत्तीसगढ़ में दिया जाने वाला यह सबसे बड़ा सम्मान है। अवार्ड के लिए 8 सितंबर तक प्रविष्टियां भेजी जा सकती हैं। इसके लिए नामांकित व्यक्ति की सहमति आवश्यक होगी।

### यूरिया किल्लत के खिलाफ आप का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन

**रायपुर।** किसानों को हो रही यूरिया की किल्लत के विरोध में आम आदमी पार्टी प्रदेशभर में धरना-प्रदर्शन करने जा रही है। प्रदेशाध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा, सरकार समय पर डीएपी खाद भी उपलब्ध नहीं करा पाई है। इसके खिलाफ 1 सितंबर को पूरे प्रदेश में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। आज किसानों को 266 रूपए में मिलने वाला यूरिया 1200 में लेना पड़ रहा है। इसके पहले 1350 रुपए प्रति बैग वाली डीएपी को 2200 रूपए में निजी विक्रेताओं से मजबूरी में खरीदना पड़ा था।

### तेंदुआ और पचेड़ा की कृषि जमीन का लैंड यूज चेंज होगा, पौता चेरिया की जमीन भी शामिल

# नवा रायपुर के लिए उद्योगों को बुलावा, तेंदुआ में बॉम्बे हास्पिटल के लिए पांच एकड़ जमीन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

नवा रायपुर अटलनगर में राज्य सरकार अब बड़े उद्योगों को निवेश के लिए आकर्षित करने औद्योगिक, सार्वजनिक और अर्द्ध सार्वजनिक प्रयोजन के लिए लैंड यूज चेंज करने जा रही है। आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार, नगर निवेश अधिनियम 1973 की धारा 23/12 के अंतर्गत अटलनगर विकास योजना 2031 में आवश्यक लोक प्रयोजनार्थ के तहत कृषि भूमि का डायवर्सन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य नवा रायपुर में बड़े उद्योगों को जमीन आवंटित करना है।

आवास एवं पर्यावरण विभाग के अधिकारियों के अनुसार, ग्राम तेंदुआ और पचेड़ा में इसके लिए जमीनों का आवंटन किया जाएगा। जारी सूचना में ग्राम तेंदुआ में 73.148 और ग्राम पचेड़ा में 29.708 हेक्टेयर कृषि जमीन का लैंड यूज चेंज किया जाएगा।

यहां पर दो एकड़ से अधिक जमीन उद्योगों को बीड रेट के अनुसार मिलेगी। बताया गया है कि नवा रायपुर के लेयर-2 में बसाहट बढ़ाने विकास प्राधिकरण ने पूरी तैयारी कर ली है। यहां पर ऐसे उद्योगों को जमीन आवंटित की जाएगी, जो अपना निर्माण तीन साल के अंदर पूरा करेंगे।



- *यहां पर दो एकड़ से अधिक जमीन उद्योगों को बीड रेट के अनुसार मिलेगी। बताया गया है कि नवा रायपुर के लेयर–2 में बसाहट बढ़ाने विकास प्राधिकरण ने पूरी तैयारी कर ली है। यहां पर ऐसे उद्योगों को जमीन आवंटित की जाएगी, जो अपना निर्माण तीन साल के अंदर पूरा करेंगे।*

### पूर्व में यहां आवंटन

नवा रायपुर में पहले सेक्टर-5 में औद्योगिक क्षेत्रों के लिए जमीनों का चिन्हांकन किया गया था। यहां अब जमीन न होने के कारण दूसरे क्षेत्र को विकसित करने प्लान तैयार किया गया है। यहां 5000 वर्गफुट से लेकर छोटे प्लाट तक तैयार किए गए थे। अब यहां पर आवंटन पूरा हो गया है।

### चार गांवों की जमीनें चिन्हित

*आवास एवं पर्यावरण विभाग के विशेष सचिव देवेंद्र भारद्वाज द्वारा जारी निर्देशानुसार, पौता, चेरिया में पहले चरण में कुल 64 हेक्टेयर में तथा दूसरे चरण में 56 से लेकर 169 खसरा की कृषि योग्य भूमि का सार्वजनिक, अर्धसार्वजनिक एवं व्यावसायिक के लिए कृषि भूमि का लैंड यूज चेंज किया जा रहा है। इसका उपयोग शिक्षा प्रायोजनों रोजगार बसाहट एवं निवेश के प्रोत्साहन के लिए किया जाएगा। वहीं तेंदुआ और पचेड़ा में उद्योगों को जमीन आवंटित करने 102.286 हेक्टेयर भूमि को चिन्हित किया गया है। दावा-आपत्ति के लिए 15 दिन का समय दिया गया है।*

### 2 हजार से 5 हजार रुपए वर्गफुट तक बोली

व्यावसायिक उपयोग के लिए बिड सिस्टम से जमीन का आवंटन किया जाता है। यहां पर 2 हजार से 5 हजार रुपए वर्गफीट तक कीमत बताई जाती है। अधिकतम कीमत वाले बिडर को जमीन आवंटित की जाती है। नवा रायपुर विकास प्राधिकरण को इससे अच्छा लाभ मिलने की उम्मीद है।

### बॉम्बे हॉस्पिटल को 5 एकड़ जमीन

बॉम्बे हॉस्पिटल समूह को नवा रायपुर के तेंदुआ गांव में 5 एकड़ जमीन आवंटित की गई है। यह आवंटन टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद किया गया है। बॉम्बे हॉस्पिटल समूह को अगले तीन साल में नवा रायपुर में अपना अस्पताल स्थापित करने की समयसीमा दी गई है।

### आर्ट ऑफ लिविंग को 40 एकड़ जमीन

नवा रायपुर अटलनगर में आर्ट ऑफ लिविंग केंद्र की स्थापना के लिए रियायती दर पर 40 एकड़ भूमि आवंटित करने का निर्णय लिया गया है। छत्तीसगढ़ की आगामी राजधानी नवा रायपुर अटलनगर में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए श्री सत्य साईं स्वास्थ्य एवं शिक्षा ट्रस्ट को 5 एकड़ अतिरिक्त भूमि निशुल्क आवंटित करने का निर्णय लिया गया।

# दतान में धूमधाम से मना विश्व आदिवासी दिवस



हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी।

ग्राम दतान में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज द्वारा भव्य आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष सुभाष परते मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज मानव सभ्यता के सबसे प्राचीन समाजों में से एक है, जिसकी सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संरचना हजारों वर्षों से चली आ रही है।

परते ने कहा कि आदिवासी समाज सामूहिक जीवन शैली जीता है और जल, जंगल, जमीन उसके अस्तित्व की रीढ़ हैं।समाज की भाषा, पहनावा, भोजन और धार्मिक आस्थाएँ विशिष्ट हैं, जिन्हें सहेजने और संरक्षित रखने की आवश्यकता है।ग्रामीणों में दिखा उत्साह कार्यक्रम में दुलार पैकरा, रामप्रसाद ठाकुर, भानु ध्रुव, जी.एल. तारम, शिव चेचाम, शिव कुरवंशी, सुकदेव पैकरा जैसे जनप्रतिनिधियों और सामाजिकजनों की भी उपस्थिति रही। ग्रामीणों ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया और अपनी संस्कृति पर गर्व जताया।

- 0सामूहिक संस्कृति, जल–जंगल–जमीन पर अधिकार की भावना ही आदिवासी अस्मिता की पहचान

**शिक्षा को प्राथमिकता देने की अपील:** कार्यक्रम में वक्ता हरिश कवासी लखमा ने समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर आदिवासी समाज को आगे बढ़ाना है, तो युवाओं को शिक्षित करना जरूरी है। उन्होंने शहीद वीर नारायण सिंह के संघर्ष को याद करते हुए उनकी वीरता और बलिदान से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

**सांस्कृतिक एकता और नेतृत्व की झलक:** कार्यक्रम में सुभाष परते के साथ मंच पर युवा प्रदेश अध्यक्ष जानसिंह पैकरा, जनपद अध्यक्ष कुसुम पैकरा, जिला पंचायत सदस्य अंजली विमल साहू, डॉ. एल.एस. ध्रुव, भूपेंद्र विकांत साहू, मुकेश कुमार ठाकुर, दादूराम पैकरा, सुरेश पैकरा, पद्मभूषण पैकरा, समेलाल साहू सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में समाज की एकता और जागरूकता पर बल दिया।

# एक-दूसरे की जरूरत में क्षमता अनुसार खड़े होना है जरूरीः बसंत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कसडोल

पलारी नगर पंचायत निवासी बिसम्भर सेन के परिवार को सेन समाज के सामाजिक दायित्व निर्वहन के तहत 25,000 की स्वेच्छा सहयोग राशि प्रदान की गई। बिसम्भर सेन आंत व लीवर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं और उनके इलाज में बड़ा खर्च आ रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर सैलून व्यवसायी बिसम्भर के लिए समाज ने खुलकर सहयोग किया।

बलौदाबाजार जिला सर्व नाई सेन समाज के जिला अध्यक्ष बसंत श्रीवास, प्रदेश उपाध्यक्ष (कर्मचारी प्रकोष्ठ) मूलेश्वर श्रीवास, लवनराज अध्यक्ष हरिशंकर श्रीवास, सह-सचिव राजा सेन, धुरेन्द्र सेन, सैलून संघ जिला प्रमुख जित्तू सेन व अन्य वरिष्ठ समाजसेवियों ने उनके घर जाकर उनकी पत्नी श्रीमती लिलेश्वरी सेन को राशि सौंपी। इस दौरान परिवार का हालचाल भी जाना गया और भविष्य में और भी मदद देने का भरोसा दिया गया।



इस स्वेच्छा सहयोग अभियान की शुरुआत सोशल मीडिया के माध्यम से की गई थी, जिसे पूरे छत्तीसगढ़ के दानदाताओं ने सराहा और सरगुजा से बस्तर तक सहयोग राशि भेजी गई। प्रारंभ में 24,799 एकत्र हुए थे, जिसे पूर्ण कर 25,000 की राशि एकमुश्त सौंप दी गई। समाज ने भरोसा दिलाया है कि आगे आने वाली सहयोग राशि भी श्री बिसम्भर सेन को सम्मानपूर्वक दी जाएगी। बिसम्भर सेन को आंतों में संक्रमण के चलते निजी अस्पताल में भर्ती कर ऑपरेशन किया गया। डॉक्टरों ने लीवर में भी समस्या बताई है।

# मोवा टंकी का वॉल्व स्लिप, इधर दलदल सिवनी की टंकी घंटों ओवरफ्लो, हजारों लीटर पानी बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

नगर निगम जोन-9 क्षेत्र स्थित मोवा पानी टंकी का वॉल्व स्लिप होने से रविवार को शाम के समय लोगों के घरों में पीने का पानी नलों से नहीं आया। वहीं दलदल सिवनी की पानी टंकी समय से पहले भर गई, लाइनमैन मौके पर नहीं था, इसलिए टंकी दोपहर से शाम तक से घंटों ओवरफ्लो होती रही।

इस दौरान दोपहर से लेकर शाम तक हजारों लीटर पीने का साफ पानी फिजूल बह गया। जोन-9 अमले का लाइनमैन समय पर मौजूद नहीं होने से पानी टंकी ओवरफ्लो होने के बाद बंद नहीं की जा सकी। इस बात को लेकर स्थानीय रहवासियों में नाराजगी है।

दरअसल रविवार की सुबह मोवा स्थित पानी टंकी का वॉल्व स्लिप होने से जोन-9 के डॉ. भीमराव आंबेडकर वार्ड और रानी लक्ष्मीबाई वार्ड की पेयजल आपूर्ति शाम को बाधित रही। वहीं दलदल सिवनी की पानी टंकी समय से पहले भरने के बाद उस पर कंट्रोल करने डयूटी पर से लाइनमैन नदारद मिला, इस वजह से दलदल सिवनी की पानी टंकी ओवरफ्लो हो गई।

यह सिलसिला दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक चलता रहा। शाम को लाइनमैन के आने पर स्थिति सामान्य हुई। प्रभावित इलाके में पानी टैंकर भेजकर जल आपूर्ति की गई।





- दोपहर बजे से शाम 6 बजे तक चलता रहा मरम्मत का काम
- लाइनमैन नदारद, इसलिए दलदल सिवनी की पानी टंकी ओवरफ्लो

### मोवा टंकी के वॉल्व में खराबी घंटों मरम्मत

मोवा पानी टंकी के वॉल्व की मरम्मत के दौरान जोन-9 कमिश्नर संतोष पांडे, जल विभाग के अधिकारी और तीन वार्ड के पार्षदों सहित स्थानीय रहवासी स्थल पर डटे रहे। कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य खेमकुमार सेन, डॉ. भीमराव आंबेडकर वार्ड के पार्षद मोहन साहू, रानी लक्ष्मीबाई वार्ड के पार्षद देवदत्त द्विवेदी, पार्षद प्रतिनिधि खेमलाल कोशले सहित स्थानीय रहवासी इस दौरान मौजूद रहे।

# कड़ी मेहनत से पाई सफलता, पीजी में प्रवेश के लिए अब विभागीय एनओसी का चक्कर

- 25 लाख की प्रॉपर्टी मॉडगेज का मसला बढ़ा रहा छात्रों की दिक्कत
- नियम शिथिल करने का आशवासन, मगर अब तक कार्यवाही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

अनुबंध सेवा करते हुए कड़ी मेहनत कर कई डॉक्टरों ने नीट पीजी में अच्छे रैंक के साथ सफलता तो पाई, मगर एडमिशन के लिए विभागीय एनओसी का चक्कर उनकी दिक्कत बढ़ा रहा है। एनओसी की खातिर 25 लाख की प्रॉपर्टी मॉडगेज रखने का नियम है, जो छात्रों की परेशानी का बड़ा कारण है। शासन स्तर पर कुछ समय पहले इस नियम को शिथिल करने का आश्वासन तो दिया गया था, मगर इस संबंध में अब तक किसी तरह की कार्यवाही नहीं हुई है। राज्य में एमडी-एमएस सहित अन्य स्नातकोत्तर सीटों पर 30 प्रतिशत से ज्यादा ऐसे डॉक्टर एडमिशन लेते हैं, जो शासकीय कॉलेजों में एमबीबीएस करने के बाद दो साल की अनुबंध सेवा को पूरा करते हैं। आगे की पढ़ाई करने के लिए उन्हें विभाग से एनओसी लेना पड़ता है और इसके लिए उन्हें 25 लाख रुपए की प्रॉपर्टी के कागज बंधक के रूप में जमा करने का नियम है। कई छात्रों की आर्थिक स्थिति इस लायक नहीं होने का हवाला देकर इसका काफी समय से विरोध किया जा रहा है। कुछ समय पहले चिकित्सकीय संगठनों के साथ जूनियर डॉक्टर इस मामले को लेकर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मिले थे। उनकी परेशानी के संबंध में गंभीरता दिखाते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को नियम में शिथिलता लाने के निर्देश दिए थे। काफी समय बीतने के बाद भी इस पर किसी तरह की कार्यवाही नहीं हुई है और पीजी एडमिशन का समय नजदीक आ गया है। कई बांडेड डॉक्टरों ने नीट पीजी में अच्छा रैंक हासिल किया है, जिससे उन्हें शासकीय मेडिकल कॉलेजों में सबसे अधिक डिमांड वाली सीट मिल सकती है, मगर वे एनओसी की खातिर 25 लाख रुपए की संपत्ति बंधक बनाने की स्थिति में नहीं हैं।

हरिभूमि फॉलोअप

### अनुबंध तोड़ने से बचाव के लिए बना नियम

सूत्रों के अनुसार, करीब दस साल पहले बांड नियम का पालन नहीं करने वाले डॉक्टरों की बड़ी संख्या को देखते हुए शासन द्वारा इसका नियम बनाया गया था। इसमें पीजी करने के लिए 25 लाख की प्रॉपर्टी और सुपर स्पेशलिटी कोर्स की पढ़ाई करने के लिए बांडेड डॉक्टरों को 50 लाख की संपत्ति बंधक रखने का नियम बनाया गया था। इस नियम के बाद बीच में बांड ड्यूटी छोड़कर जाने वालों की संख्या घट गई, मगर इतनी अधिक राशि की संपत्ति की व्यवस्था के कारण कई विद्यार्थी अपनी पढ़ाई का मौका गंवाने लगे।

### चिकित्सकीय संगठनों से गुहार

पीजी में डिमांड वाली सीट मिलने की आस लगाकर बैठे कई डॉक्टर चिकित्सकीय संगठनों ने गुहार लगा रहे हैं। उनकी बड़ी समस्या यही है कि विभाग एनओसी देने के लिए उन्हें दो टूक 25 लाख की प्रॉपर्टी के कागज लाने कह रहे हैं। ज्यादातर चिकित्सक इस मॉडगेज की प्रक्रिया के दूसरे विकल्प के बारे में पूछ रहे हैं, जो फिलहाल नहीं है। कुछ समय पहले प्रॉपर्टी बंधक रखने के बजाय शपथ पत्र से प्रक्रिया पूरी करने का नियम बनाने की तैयारी थी, लेकिन यह प्रक्रिया भी अब तक पूरी नहीं हो सकी है।

### अधिकारियों से मिलेंगे

सीजीडीएफ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह का कहना है कि पीजी और सुपर स्पेशलिटी ही पढ़ाई के लिए बांडेड डॉक्टरों के लिए प्रॉपर्टी मॉडगेज करने का नियम बहुत ही दिक्कतों भरा है। इसे शिथिल करने की मांग काफी समय कर रहे हैं। पीजी एडमिशन की काउंसिलिंग शुरू होने वाली है, मगर आश्वासन के बाद भी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इस मामले को लेकर जल्द ही संगठन के सदस्य विभागीय अधिकारियों से मुलाकात करेंगे।

# निजी अस्पतालों में आयुष्मान योजना बंद होने का खतरा टला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत हितग्राहियों का निजी अस्पतालों में इलाज बंद होने का खतरा फिलहाल टल गया है। राज्य शासन द्वारा जारी 375 करोड़ और केंद्र सरकार द्वारा आवंटित 130 करोड़, यानी कुल 505 करोड़ की राशि से अस्पतालों को पूर्ण बकाया भुगतान की व्यवस्था हो जाएगी। फिलहाल इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की बैठक में बहिष्कार नहीं करने पर सहमति बनी है। योजना से संबंधित अन्य समस्याओं पर संगठन बाद में चर्चा करेगा। स्वास्थ्य सहायता योजना में इलाज के बदले निजी अस्पतालों को 700 करोड़ से ज्यादा का भुगतान नहीं किए जाने से विवाद की स्थिति बनने लगी थी। अस्पताल योजना के तहत इलाज करने से हाथ उठाने की तैयारी में थे। इसे लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं हास्पिटल बोर्ड की बैठक रविवार को भिलाई के निजी होटल में हुई। बैठक में शामिल सौ से ज्यादा सदस्यों को बताया गया कि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की पहल पर 375 करोड़ जारी कर दिए गए हैं। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा सूचना दी गई है कि इसके अतिरिक्त 130 करोड़ भी केंद्र से आवंटित कर दिए गए हैं, जो सितंबर के पहले सप्ताह में विभाग को मिल जाएंगे। इस प्रकार लगभग 505 करोड़ रुपए प्राइवेट अस्पतालों के लगभग पूर्ण बकाया चुकाने के लिए उपलब्ध होंगे। इस जानकारी के आधार पर निजी अस्पतालों ने आयुष्मान योजना के मरीजों का इलाज जारी रखने का फैसला लिया है।

## खबर संक्षेप

### अवैधानिक कृत्यों को तत्काल बंद कराएं अन्यथा उग्र आंदोलन

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के कांग्रेस पार्षदों, नागरिकों व समीपवर्ती ग्राम पंचायत कुकराडीह, खैरझिटी, कौंवाझर तथा गोपालपुर के सरपंचों ने क्षेत्र में शराब की अवैध बिक्री तथा देह व्यापार पर रोकथाम के लिए थाना प्रभारी तुमगाँव को ज्ञापन सौंपकर उक्त अवैधानिक कृत्यों को तत्काल बंद कराने की मांग की है। पार्षदों ने बताया कि लंबे समय से उक्त अवैधानिक कृत्यों को बंद कराने की मांग पुलिस प्रशासन से की जा रही है, लेकिन अवैध कृत्य अब भी जारी है, जिससे तुमगाँव सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अपराध बढ़ रहा है। आएदिन वाहन चालकों से लूटपाट ,लड़ाई -झगड़े की घटनाएं सामने आ रही है। उन्होंने शराब की अवैध बिक्री तथा देह व्यापार तत्काल बंद कराने अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्षदों सहित ग्राम पंचायत गोपालपुर के सरपंच भुनेश्वर ध्रुव, कुकराडीह सरपंच श्रीमती मिथलेश्वरी भारत जोगी, खैरझिटी सरपंच श्रीमती रामेश्वरी चेलक, कौंवाझर सरपंच गेंदराम जांगड़े आदि उपस्थित रहे।

### खरोरा के शहीद स्मारक में स्वच्छता अभियान

**खरोरा।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में स्वच्छता अभियान चलाया गया। पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, पूर्व सैनिक संगठन के सदस्य रामप्यारी साहू ने बताया कि यहां स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें गांव को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया और गांव में साफ-सफाई की गई।

### सतपाल पिथौरा सरपंच संघ के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**पिथौरा।** स्थानीय जनपद सभागार में आयोजित विकासखंड स्तरीय सरपंचों की महत्वपूर्ण बैठक में ग्राम पंचायत सांकरा के सरपंच सतपाल सिंह छाबड़ा को सर्वसम्मति से पिथौरा विकासखंड सरपंच संघ का अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित किया गया। उनकी निर्विवाद छवि और लंबे राजनीतिक अनुभव को देखते हुए सभी सरपंचों ने उनका समर्थन किया। बैठक की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे ने की तथा मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल रहे। सरपंच संघ के पदाधिकारियों का गठन भी किया गया, जिसमें उपाध्यक्ष के रूप में प्रियंका अमित सिन्हा (सरकड़ा) व शशिकला पटेल (बामड़ाडीह), सचिव हेमंत ठाकुर (लारीपुर), सहसचिव व जिला प्रतिनिधि किरण दुलीकेशन साहू (डोंगरीपाली) और प्रमुख सलाहकार किशोर बघेल (सपोस) नियुक्त किए गए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सतपाल सिंह छाबड़ा ने कहा कि पंचायती राज से तीन दशक का अनुभव मुझे मिला है, उसी अनुभव का लाभ सरपंचों और विकासखंड को दिलाने का प्रयास करूंगा। शासन-प्रशासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता होगी। क्षेत्र की जनता और पिथौरा के आशीर्वाद से जनपद अध्यक्ष भी रहा, यह संदेश देना चाहता हूं कि जो शासन सुशासन विष्णुदेव साय का चल रहा है, उसे मिलजुल कर जन जन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। बैठक में सरपंचों के अलावा पुरुषोत्तम धृतलहरे, ब्रह्मा पटेल, कमलजीत सिंह पम्मी, सीताराम सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि मनमीत छाबड़ा, दुलीकेशन साहू, नीलकंठ साहू, नरेश सिंघल सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### दलदली रोड प्राथमिक शाला में हुआ पुस्तक वाचन

महासमुंद। छत्तीसगढ़ स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण पर रजत जयंती महोत्सव अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शासकीय प्राथमिक शाला दलदली रोड में डाइट शिक्षक ईश्वर चंद्राकर की उपस्थिति एवं प्रधान पाठक निहारिका चंद्राकर के मार्गदर्शन में बच्चों के लिए स्पीड रीडिंग प्रतियोगिता, दीवार पत्रिका विमोचन एवं पुस्तक वाचन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ईश्वर चंद्राकर ने कहा कि स्पीड रीडिंग के तहत कम समय में अधिक मात्रा में पढ़ना, यानी शब्दों को तेजी से पढ़ने की ऐसी तकनीक जिससे आपकी पढ़ने की गति बढ़े, लेकिन समझने की क्षमता बनी रहे। दीवार पत्रिका विमोचन के माध्यम से बच्चों के रचानात्मक प्रतिभा को अवसर प्रदान करना है।

# नोमेश ने 162 शवों को भी घर पहुंचाकर निभाया मानवता का धर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

बलौदाबाजार जिले के गिधौरी थाना क्षेत्र एवं कसडोल थाना क्षेत्र में नोमेश ज्ञानी केवट ग्राम तेंदुभाटा पुलिस चौकी गिरौदपुरी निवासी द्वारा लगातार चार एम्बुलेंस के माध्यम से मोटर दुर्घटना में घायलो को तुरंत निशुल्क अस्पताल पहुचाने का कार्य किया जा रहा है। गिधौरी क्षेत्र हो या कसडोल क्षेत्र में कहीं पर एक्सीडेंट होने की सुचना मिलते ही तुरंत एम्बुलेंस वाहन पहुंच जाते है और खास बात यह है की जैसे आसपास कोई दुर्घटना पर घायलों को तत्काल नजदीक के अस्पताल तक पहुचानें में कोई भी राशि नही लेते है और निशुल्क सेवा करते है।

## चार एम्बुलेंस से 572 लोगों की बचाई जान, एम्बुलेंस से नि शुल्क सेवा भाव दे रहे





एक एम्बुलेंस ग्राम गिधौरी पर रखे है और दुसरा एम्बुलेंस ग्राम बरपाली में और तीसरा एम्बुलेंस कसडोल में है तथा चौथे एम्बुलेंस जिला जांजगीर चांम्पा के बिर्रा में रखे है। घायलों की स्थिति के अनुसार प्राथमिक उपचार के बाद परिजनों को जानकारी देकर जिला अस्पताल में भर्ती करते है। गिधौरी क्षेत्र में लगातार जब कोई भी दुखद घटना होती है तो नोमेश केवट के द्वारा अपने एम्बुलेंस के माध्यम से मौके पर पहुंच कर आहत लोगों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाने में सहयोग किया जाता है। एक्सीडेंट में लगभग 572 मरीजों की जान बचाई गई है और इनमें से 162 शव को घरों तक पहुंचाया गया है।

## आयोजन : शिवरतन शर्मा ने किया दामाखेड़ा में साहू समाज भवन का लोकार्पण

# भविष्य की पीढ़ियों के लिए साहू समाज को संगठित और सशक्त करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

कबीरधाम धर्मनगरी दामाखेड़ा में नव निर्मित साहू समाज सामुदायिक भवन का भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने फीता काटकर भवन का उद्घाटन किया और साहू समाज की एकता एवं सामाजिक चेतना की सराहना की।

श्री शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी संस्कृति में संत माता कर्मा और दानवीर भामाशाह जैसे महापुरुषों को आदर्श मानकर उनके पदचिह्नों पर चलना जरूरी है। आने वाली पीढ़ियों को उनके योगदान से अवगत कराने के लिए साहित्यिक सामग्री हर घर तक पहुंचानी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि उनके कार्यकाल में भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में 60 से अधिक साहू समाज सामुदायिक भवन बनाए गए हैं, जिनका लाभ समाज के हर वर्ग को मिल रहा है। इस मौके पर 18 गांवों के प्रतिनिधि, राजेश साहू, हेमसिंह चौहान, संतोष साहू, सुरेश साहू, मोती साहू, प्रहलाद मिश्रा, दिलीप साहू, जागेश्वरी साहू, ओमप्रकाश साहू सहित सैकड़ों समाजजनों की उपस्थिति रही।

साहू समाज को आत्मनिर्भर बनाना कार्यक्रम में यह स्पष्ट रूप से सामने आया कि समाज केवल भवन निर्माण तक सीमित न रहे, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और नशामुक्ति जैसे मुद्दों पर ठोस कार्य करें। वक्ताओं ने बताया कि यह भवन समाज को एकजुट कर सामाजिक सुधारों की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने सुझाव दिया कि समाज का इतिहास, संस्कृति और प्रेरक गाथाएं पुस्तिकाओं के रूप में छपवाई जाएं और हर परिवार तक पहुंचे। इससे न केवल युवाओं को प्रेरणा मिलेगी, बल्कि सामाजिक एकता भी मजबूत होगी।

### नशामुक्ति और शिक्षा पर जोर, समाज के उत्थान हेतु की गई प्रेरक बातें



#### समाज को जोड़ने वाला भवन

विकास का प्रतीक शिवरतन शर्मा ने कहा कि यह भवन केवल साहू समाज का नहीं, हर जरूरतमंद वर्ग का उपयोगी स्थान होगा। उन्होंने बताया कि उनके प्रयास से भाटापारा शाखा नहर से 6000 एकड़ में सिंचाई हो रही है, जिससे किसान खुश हैं और यह उनकी सार्वजनिक सेवा की सबसे बड़ी उपलब्धि है। किसान नेता अनिल पांडे ने कहा कि नशा समाज को खोखला कर रहा है, अगर हम एकजुट होकर इसके खिलाफ अभियान चलाएं तो साहू समाज अग्रणी भूमिका निभा सकता है। उन्होंने समाज में शिक्षा के लिए छात्रावास जैसी व्यवस्था की जरूरत पर बल दिया, ताकि गरीब प्रतिभाशाली बच्चों को पढ़ाई का अवसर मिले। अन्य वक्ताओं में भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी, दामाखेड़ा के सरपंच कमलेश साहू, साहू समाज अध्यक्ष हेमलाल साहू ने भी समाज की जागरूकता और संगठनात्मक ताकत की तारीफ की।

## नगर साहू समाज महिला प्रकोष्ठ ने धूमधाम से मनाया तीज उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर साहू समाज महिला प्रकोष्ठ के द्वारा तीजा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। साहू छात्रावास में आयोजित इस भव्य उत्सव में मातृशक्तियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दानवीर भामाशाह की पूजा अर्चना एवं भक्त माता कर्मा की आरती से हुई। इस अवसर पर महिलाओं ने छत्तीसगढ़ी पारंपरिक खेल फुगड़ी, कुर्सी दौड़, गेंड़ी दौड़, जलेबी दौड़ ईटा दौड़, गोला बनाओ आदि के साथ गीत, नृत्य का भरपुर आनंद लिया। महिलाओं के साथ बच्चों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया तत्पश्चात महिलाओं ने हाथों में तख्तीयाँ लेकर नशा के विरुद्ध सामाजिक जागरूकता लाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इन्द्र साव ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया। इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने उपस्थित महिलाओं को तीजा पर्व पर बधाई दी एवं छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बचाए रखने के लिए मातृशक्तियों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा तीज केवल त्योहार नही बल्कि यह हमारी संस्कृति, परम्परा, नारी शक्ति और सम्मान का उत्सव है।इस तीज उत्सव कार्यक्रम में डॉ वीणा साहू, कल्याणी साहू,नीरादेवी साहू, कमला साहू, संध्या साहू, सरस्वती साहू, पेमिन साहू, कामना साहू,सावित्री, राही साहू आदि ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

**इनका रहा विशेष योगदान :** कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर साहू समाज के अध्यक्ष राजेश साहू, मनीराम साहू, लूकू साहू, नारायण साहू, तिलक साहू, रवि साहू, अजय साहू, कामता साहू, निकेश साहू का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन इंद्राणी साहू ने किया।

# पीएम श्री भरत देवांगन विद्यालय ने मनाई रजत जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, खरोरा में अपनी स्थापना के 25वें वर्ष के उपलक्ष्य में रजत जयंती समारोह के अंतर्गत एक भव्य एलुमनी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व छात्र-छात्राओं ने विद्यालय की पुरानी यादों को साझा करते हुए अपने अनुभवों को ताजा किया और विद्यालय के विकास में सहयोग के लिए प्रोत्साहित हुए।

- एलुमनी सम्मेलन में पूर्व छात्रों ने बांटी यादें, संस्थान को सशक्त बनाने का लिया संकल्प

कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि व नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित सेन, यज्ञदत्त शर्मा, संजीव देवांगन, प्राचार्य रजनी मिंज, व्याख्याता पुरुषोत्तम देवांगन, शाहिना परवीन, डोमार सिंह यादव सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। इसके साथ ही पूर्व छात्र-छात्राएं जैसे संजीव देवांगन, विनय वर्मा, यतिराम कन्नौजे, लीलाधर देवांगन, पीयूष, पलक, दीपांजली, एकता, अनुराधा, शीतल, लीलम, नंदनी, यामिनी, यश अमलानी, चंचल पाल, जानकी निषाद आदि ने भी इस आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया।



#### संस्थापक की स्मृति में प्रेरणादायक उद्बोधन

शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर ने अपने संबोधन में विद्यालय के संस्थापक स्व. रामप्रसाद देवांगन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि यह विद्यालय उनके दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है, जो आज खरोरा और आसपास के क्षेत्रों में शिक्षा का एक मजबूत केंद्र बन चुका है। पूर्व छात्रों से अपील है कि वे अपने इस संस्थान के विकास में सक्रिय योगदान दें, ताकि यह और अधिक ऊंचाइयों को छू सके।

#### पहला एलुमनी सम्मेलनः एक नई शुरुआत

नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित सेन ने इस अवसर पर कहा कि यह हमारा पहला एलुमनी सम्मेलन है, जिसका उद्देश्य सभी पूर्व छात्रों को एक मंच पर लाना और उनके साथ निरंतर संपर्क स्थापित करना है। हम चाहते हैं कि धीरे-धीरे सभी पूर्व छात्र इस परिवार का हिस्सा बनें और विद्यालय की प्रगति में सहयोग करें। उन्होंने विद्यालय के प्रति सभी के समर्पण की सराहना की और भविष्य में इसे और सशक्त बनाने पर जोर दिया।

#### यादों का पिटारा और भविष्य की योजनाएं

कार्यक्रम में पूर्व छात्र-छात्राओं ने अपने स्कूली दिनों की यादें साझा कीं और विद्यालय में बिताए पलों को याद करते हुए भावुक क्षणों का अनुभव किया। सभी ने विद्यालय के शैक्षणिक और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सुझाव दिए और अपने स्तर पर सहयोग का आश्वासन दिया। प्राचार्य रजनी मिंज ने सभी का स्वागत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला।

# 500 पौधों के रोपण के साथ हुआ बीरतीया बाबा उद्यान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



नव सृजित बीरतीया बाबा उद्यान में लगभग पांच सौ वृक्षों का वृक्षारोपण कर उद्यान का शुभारंभ किया गया जिसमें मुख्य संस्थापक एवं आयोजक राधेलाल चंद्राकर व डॉ दिनेश चंद्राकर अध्यक्ष चन्द्रनाहू क्षत्रिय कुर्मी समाज सिसदेवरी, सन्नि चंद्रकर जनपद सदस्य पलारी के उपस्थिति में वृक्ष रोपण कार्य सम्पन्न हुआ।

डॉ दिनेश ने कहा - पेड़ लगाओ प्राण बचाओ यदि आज पर्यावरण को नही बचाया गया तो आने वाले समय मे विकट परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा ,आज हवाएं मनुष्य के दुष्कृत्य के कारण काफी प्रदूषित हो गयी है। जिसके कारण पर्यावरण प्रदूषण से बहूत सारे बीमारियां पैदा हो रही है श्वास संबंधी रोग व बीमारियाँ हैं जो श्वसन प्रणाली को प्रभावित करती हैं, जैसे अस्थमा, और फेफड़ों का कैंसर, और इनके कारणों में संक्रमण, और एलर्जी शामिल हैं जैसे दमा , स्वास, खाँसी , कैसर जैसे असाध्य रोग पैदा हो रही है। यदि हम सभी पेड़ लगाएंगे तो हवाएं शुद्ध होगी और हमरी जीवन शैली भी अच्छी होगी, हमे पेड़ की सुरक्षा एक माँ और बाप की तरह करनी होगी जिससे पेडों को नष्ट होने से बचाया जा सके। राधेलाल चंद्राकर ने कहा कि तन मन धन लगाकर इस कार्य करे और वृक्ष लगाकर धरती माता का सृंगार करे जिसे हमारे आने वाले पीढ़ी सुरक्षित रहे।

इस अवसर पर ममता चंद्राकर, ठाकुरराम चंद्राकर, वेदप्रकाश साहू यू डायग्नोस्टिक पैथोलॉजी पलारी, मोहन लाल चंद्राकर, गावेंद्र चंद्राकर, भास्कर चंद्राकर, राजेश सेठ, नोहर, राकेश चन्द्राकर, धर्मेंद्र चंद्राकर, तिलोकी फेकर, सतीश चंद्राकर, जय चंद्राकर, रजत चंद्राकर, रूपेश चंद्राकर, योगेन्द्र कन्नौजे ग्राम कोदवा, गोल्डी चंद्राकर, रमेश साहू, पुरुषोत्तम साहू, तिलक साहू, छबिलाल साहू, दशरथ यादव, जनक साहू, आर्यन, जतिन सागर, लोकेश, कुश चंद्राकर, समारू यादव, श्रवण चंद्राकर सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## 6.50 लाख की लागत से बनेगा भवन

# ध्रुव समाज भवन के लिए विधायक ने किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत मलपुरी में ध्रुव समाज भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कसडोल विधायक संदीप साहू थे, जिन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भूमि पूजन की रस्म निभाई। कार्यक्रम में ग्रामवासियों, महिलाओं, बच्चों और समाज के गणमान्यजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

गांव में विधायक के पहुंचते ही बाजा-गाजा, पटाखे और स्वागत गीतों के साथ भव्य स्वागत किया गया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए संदीप साहू ने कहा कि यह भवन ध्रुव समाज ही नहीं, पूरे गांव और आने वाली पीढ़ी के लिए एक महत्वपूर्ण सामाजिक संपदा होगा। उपस्थित प्रमुख जनप्रतिनिधि और सामाजिकजन इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता ईश्वर दास वैष्णव, ध्रुव समाज के क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष बरातु राम ध्रुव, सेक्टर प्रभारी सेवाराम निषाद, सरपंच खिलेश्वर घृतलहरे, उपसरपंच पुरुषोत्तम ध्रुव, जनपद सदस्य चरण कोसले, पूर्व बैंक अध्यक्ष तातु साहू, गिधपुरी सरपंच कौशल साहू सहित अनेक सामाजिक व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



#### भविष्य की पीढ़ी के लिए सामाजिक धरोहर

विधायक संदीप साहू ने कहा कि यह भवन केवल ध्रुव समाज तक सीमित न रहे, बल्कि यह सभी वर्गों के लिए उपयोगी हो। उन्होंने कहा कि यहां छोटे-बड़े सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित हो सकेंगे। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे इस भवन को सार्वजनिक सहयोग और सौहार्द का प्रतीक बनाएं।

#### ग्रामीणों में उत्सव जैसा माहौल

भूमि पूजन के मौके पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। दूर-दराज से लोग कार्यक्रम देखने पहुंचे। कार्यक्रम के पश्चात विधायक संदीप साहू ग्राम के कोटवाल परिवार द्वारा आयोजित दशगात्र कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुए और श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पेज 7 के शेष

### गांजा बेचने ...

की अनुमानित कीमत 32,000 आंकी गई है। साथ ही दो मोटरसाइकिलें भी जप्त की गई हैं, जिनका उपयोग गांजा ढोने में किया जा रहा था। ग्रामीण थाना प्रभारी टीआई लखेश केंवट ने बताया कि आरोपी गांजा की तस्करी कर इलाके में बेचने की योजना बना रहे थे। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर, गिरफ्तारी के बाद न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

### सतनामी समाज ने...

टंडन सचिव, राकेश नारायण बंजारे प्रवक्ता, और राजमहंत पी.एल. कोसरिया को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। संपादक मंडल में डॉ. स्वामी राम बंजारे को प्रबंध संपादक बनाया गया है, जबकि डॉ. अनिल भतपहरी, डॉ. रामनारायण टंडन, सेवकराम बांधे, राकेश नारायण बंजारे और निशा ओग्रे को संपादकीय टीम में शामिल किया गया है। इस अवसर पर एच.आर. पाटले (अध्यक्ष, सतनामी समाज सामाजिक संघ, मुंबई) ने सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के सफल आयोजन और जानकारी की पुष्टि संरक्षक राजमहंत पी.के. घृतलहरे (सेवानिवृत्त कृषि अधिकारी) द्वारा दी गई। इस आयोजन को समाज के साहित्यिक एवं संगठनात्मक क्षेत्र में एक मजबूत पहल माना जा रहा है।

**कसडोल में निर्विरोध सम्पन्न हुआ विकासखंड स्तरीय गठन :** राज्य स्तरीय गठन के पश्चात विकासखंड स्तर पर प्रथम गठन कसडोल में सम्पन्न हुआ। चंद्रशेखर सांडे (सेवानिवृत्त कृषि अधिकारी) की अध्यक्षता में मड़वा धर्मशाला में बैठक आयोजित हुई, जिसमें सभी पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। कार्यकारिणी में कसडोल क्षेत्र के सभी हिस्सों से प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया है। समारोह में गौरी देवी बया, लता पुष्पकार, नकुल प्रसाद बांधे, चिरंजीव मनहर, श्रीचंद रत्नाकर, मदन खांडेकर, विनोद कुमार चेलक, पी.के. घृतलहरे, सहित विभिन्न क्षेत्रों के सामाजिक जन, सलाहकार और संरक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज की एकजुटता और संगठनात्मक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण चर्चा हुई।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
29 अगस्त 2025
SHOW TIME
परम सुंदरी
शो समय - 12:00,3:00,6:00,9:00 PM
दंतेला (छ. ग.)
शो समय - 12:00,3:30 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## जय गणेश देवा ...


भाटापारा। युवा समिति महामाया चौक ग्राम मोपका ।


भरूवाडीह। श्री सीमेंट टॉऊनशिप कॉलोनी गणेशोत्सव


गोपालपुर। मेन रोड,।


गोपालपुर। महेश निवास।


गोपालपुर। बजरंग चौक।

## खबर संक्षेप



### पर्यूषण पर्व : सत्य धर्म का उत्सव

**बलौदाबाजार**। पर्यूषण पर्व के पावन अवसर पर आज पांचवे दिन जैन समाज ने सत्य धर्म का उल्लासपूर्वक उत्सव मनाया। सत्य धर्म का तात्पर्य है किसी को आघात पहुंचाए बिना सत्य का पालन करना और जीवन में इसे आचरण रूप में धारण करना। बलौदाबाजार जैन मंदिर परिसर आज पूजा-पाठ और मंत्रोच्चार से गुंजायमान रहा। इस अवसर पर सकरी डीएवी स्कूल में पदस्थ सौरभ जैन ने मधुर भजन प्रस्तुत किया, जिसका समाज ने तालियों से स्वागत किया। पदमचंद जैन ने भक्ति भाव से शांति धारा का पाठ किया और सत्य धर्म की व्याख्या करते हुए कहा कि सत्य को आचरण में हमेशा के लिए धारण करना ही सच्चा धर्म है।

### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद**। बागबाहरा पुलिस ने कर्रापारा के घर से देशी प्लेन शराब जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी भारत यादव पिता भीम यादव (22 साल) वार्ड नंबर 07 कर्रापारा बागबाहरा के कब्जे से देशी प्लेन कुल 5.620 मिली कीमत करीबन 2480 रुपए को जब्त किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### पॉलिटेक्निक में पॉश एक्ट पर हुई कार्यशाला

**महासमुंद**। शासकीय पॉलिटेक्निक में आंतरिक परिवाद समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सचिव जज विधिक सेवा प्राधिकरण आफरीन बानो उपस्थित थीं। शासकीय पॉलिटेक्निक की प्राचार्य चंद्रिका विश्वकर्मा ने कार्यक्रम के आरम्भ में पॉश एक्ट के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि सभी को इस अधिनियम के प्रति संवेदनशील और जागरूक रहने की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान आफरीन बानो ने पॉश एक्ट 2013 के महत्व और इसके अनुपालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को इस अधिनियम के प्रति जागरूक रहने और इसके प्रावधानों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सभी उपस्थितजनों ने पॉश एक्ट के महत्व और इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए चर्चा की और एक दूसरे के साथ अपने विचार साझा किए। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को पॉश एक्ट के प्रति जागरूक करने और इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास किया गया। कार्यक्रम के अंत में शोभा मालीवाल विभागाध्यक्ष सिविल ने आंतरिक परिवाद समिति की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ वीनू चंद्राकर ने किया।

## निधन

### दाऊ मंगला मारकंडे



**संडी बंगला** । मोतीमपुर निवासी दाऊ मंगला मारकंडे 100 वर्ष का निधन हो गया है, मारकंडे काफ़ी लंबे समय से अस्वस्थ थे । वे पुरन लाल मारकंडे और नेतराम मारकंडे पिता एवं भोला, मालिक, पिरन, सोनू, नारंग, चंदन, मंयक, भूपेश और हर्ष दादा थे । समस्त शोकाकुल परिवार एवं मार्कण्डेय परिवार श्रद्धांजलि अर्पित किए ।

### शिक्षकों की वापसी या नियुक्ति पर ग्रामीणों ने उठाई मांग

# शिक्षकों की कमी से स्कूल की पढ़ाई ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

**विद्यालय परिसर में असामाजिक तत्वों का डेरा, ग्रामीणों ने की पुलिस गश्त की मांग**




पलारी के समीप ग्राम पंचायत रसौटा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में करीब 100 विद्यार्थी अध्ययन करते है, जंहा शिक्षक की कमी होने से पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वर्तमान में विद्यालय में 1 प्रधान पाठक और 2 शिक्षक है जिनके द्वारा विद्यालय में विद्यार्थियों का नियमित अध्यापन कार्य की जिम्मेवारी है। वही मध्यान्ह भोजन, डाक कार्य तथा विभागीय आनलाइन जानकारी देना इन्ही शिक्षको के भरोसे है। संवाददाता द्वारा पूछे जाने पर विद्यार्थियों ने बताया कि विद्यालय में तीन सर है जिनके द्वारा पढ़ाया जाता है वे नियमित परेड लेते रहते हैं इसके आलावा गांव के कुछ लोग पढ़ाने आते हैं। बता दें कि यंहा स्टूडेंट जिज्ञाशु है सीखने व जानने की ललक है।

ग्रामीणो ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय की एक शिक्षक को पलारी के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में व्यवस्था पर भेजा गया है जहां पहले से ही 9 टीचर तथा व्यवस्था में 3 टीचर कुल 12 टीचर विद्यालय में पढ़ाते हैं। ग्रामीणो ने कहा कि शिक्षक को व्यवस्था में भेजने से हमारे गांव के बच्चे की पढ़ाई लिखाई प्रभवित हो रही है, ग्राम रसौटा के पालक व ग्रामीणो ने मांग की है हमारे गांव के शिक्षक को तत्काल मूल शाला में वापस भेजा जाए या शिक्षक की व्यवस्था किया जाए अन्यथा शिक्षक के लिए आंदोलन करने पर बाध्य होना पड़ेगा।

**विद्यालय परिसर में असामाजिक तत्वों का डेरा**

स्कूल की छुट्टी होने के बाद स्कूल गेट पर ताला लग जाता है इसके बाद समूह में युवा वर्ग दीवाल फांदकर विद्यालय परिसर में प्रवेश करते हैं जंहा वे जुआ खेलते हैं और नशापान भी करते है मौके पर देखा तो बीड़ी सिगरेट पीकर फेकना आम बात हो गई है वही गुटखा खाकर थूका जाता है जिससे स्कूल की सुंदरता समाप्त हो रही है इसके रोकथाम के लिए ग्रामीणों ने लगातार पोलिस पेट्रोलिंग करने की मांग की है।

## अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ नागरिक सेवा समिति का जत्था



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नागरिक सेवा समिति के 21 सदस्यीय जत्थे को पावन नगरी अयोध्या धाम दर्शन हेतु रविवार 31 अगस्त की शाम 7 बजे रवाना किया गया। बस स्टैण्ड से समिति के अध्यक्ष श्याम शुक्ला, समाजसेवी शिवशंकर अग्रवाल एवं रामाधार पटेल ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा दल को विदा किया। प्रस्थान के दौरान "जय श्रीराम" के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

- समिति अध्यक्ष श्याम शुक्ला ने जत्थे को दी शुभकामनाएं समाजसेवियों ने की मंगलकामना

यात्रा दल बलौदाबाजार से बस द्वारा भाटापारा पहुँचा, जहाँ से रेल मार्ग द्वारा अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। समिति के अध्यक्ष श्याम शुक्ला ने सभी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रामलला के दर्शन का यह अवसर सभी के लिए सौभाग्य का विषय है। वहीं समाजसेवी शिवशंकर अग्रवाल और रामाधार पटेल ने अध्यक्ष शुक्ला के प्रयासों की सराहना करते हुए यात्रियों की मंगलकामनाएँ कीं।

इस यात्रा दल में समिति के संरक्षक आर.एन. वर्मा, देवेन्द्र कश्यप, संयोजक सोनचंद वर्मा, बुद्धेलाल साहू-पत्नी लीला साहू, तारण सिंह ठाकुर, अहिल्या ठाकुर, पुनीतराम वर्मा, कुशल वर्मा, बेदराम वर्मा, दुलारी वर्मा, पुष्पलता वर्मा, युगल किशोर साहू, गियासी साहू, जीवनलाल वर्मा, गायत्री वर्मा, सुरेन्द्र वर्मा, लेखा वर्मा, दिलीप कुमार कन्नौजे, छबी लाल साहू एवं नरेश कुमार सिरमौर शामिल हैं।

### कॉलेज में प्रवेश के लिए तिथि बढ़ी

**महासमुंद**। शांत्रीबाई कला वाणिज्य विज्ञान महाविद्यालय में सत्र 2025-26 के प्रवेश प्रक्रिया 05 सितंबर तक वृद्धि किया गया है। महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति एनईपी 2020 अंतर्गत 04 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए महाविद्यालय से संपर्क कर बीए/बीएससी (बायो/कंप्यूटर साइंस)/डीसीए/पीजीडीसीए में बची हुई रिक्त सीटों के लिए पहले आओ पहले पाओ के आधार पर कॉलेज में ऑफलाइन एवं ऑनलाइन प्रवेश ले सकते हैं।

## मड़कडी में हुआ राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी

शासकीय प्राथमिक शाला मड़कडी में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। मेजर ध्यानचंद की जयंती पर यह आयोजन किया गया था, यह कार्यक्रम प्रधान पाठक राजकुमार वर्मा, सहायक शिक्षक हेमन्त कुमार श्रीवास, संतोष कुमार साहू, पुष्पेन्द्र कुमार साहू के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर स्कूल में कई खेल और फिटनेस गतिविधियां आयोजित की गईं, जिसका उद्देश्य छात्रों को खेलों के प्रति जागरूक करना था।



बच्चों ने इन प्रतियोगिताओं में पूरे जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। प्राथमिक शाला मड़कडी से 50 मीटर दौड़ (बालिका) में टिकेशरी ने पहला, खुशबू ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 50 मीटर दौड़ (बालक) में गीतकुमार पहले, तुषार दूसरे स्थान पर रहे। फुगड़ी में जया प्रथम, मधु द्वितीय रहीं। कुर्सी दौड़ में जान्हवी ने प्रथम और प्रभा ने द्वितीय स्थान हासिल किया। रुमाल झपट्टा में नीरज ने जीत दर्ज की। खो-खो में टिकेश्वरी की टीम विजेता बनी। कबड्डी (बालिका) में खुशबू की टीम जीती, शतरंज में भूमिका ने जीत दर्ज की विजेता सभी बच्चों को पुरस्कार के रूप में कलर पेंटिंग बॉक्स का वितरण किया गया।

### शिक्षक दिवस पर होगा सम्मान समारोह


**भाटापारा**। शिक्षक दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के तत्वावधान में संघ के वरिष्ठ एवं संस्थापक पेंशनर स्व. के. आर. साव सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक की स्मृति में सेवानिवृत शिक्षकों, कार्यरत शिक्षकों एवं पेंशनरों का सम्मान समारोह का आयोजन, 5 सितम्बर, मंगलवार को स्थानीय नगर भवन में दोपहर 12:00 बजे से आयोजित किया गया है । इस गरिमा पूर्ण समारोह में विधायक इन्द्र साव मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेंद्र शर्मा पूर्व विधायक एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में रमेश यदु पूर्व मंडी उपाध्यक्ष साथ में ईश्वर सिंह ठाकुर वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित रहेंगे ।संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल ने सभी पेंशनरों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सम्मान समारोह को सफल एवं यादगार बनाने का अनुरोध किया है ।

## विश्व आदिवासी दिवस पर समाज की एकजुटता और संस्कृति का दिखा अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा

कसडोल विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत दतान में सोमवार को विश्व आदिवासी दिवस (तिहार) हर्षोल्लास और गरिमामयी वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भागीदारी की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष (सुकमा) व कांग्रेस नेता हरीश कवासी लखमा उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में पूर्व जिला पंचायत सदस्य भाई विक्रांत साहू, युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मानस पांडे, जिला पंचायत सदस्य अंजलि साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष कुसुम पैकरा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अमर मिश्रा, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह ध्रुव, ब्लॉक सचिव प्रवीण टंडन व अंकित साहू, युवा नेता त्रिभुवन वर्मा, और अन्य जनप्रतिनिधिगण मंच पर उपस्थित रहे।

- कार्यक्रम में शामिल हुए कई जिलों से आए जनप्रतिनिधि और समाजजन



### ससुर ने बहू से की मारपीट

**महासमुंद**। बहू से मारपीट करने वाले ससुर के खिलाफ बसना थाने में मामला दर्ज किया गया है। घटना ग्राम छोटेपटनी की है। पुलिस को रितु निषाद ग्राम छोटेपटनी ने बताया कि 31 अगस्त को करीब 12 बजे घरेलू बात को लेकर उसका ससुर देवराम निषाद गाली गलौज और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा, जिस पर वह किसी तरह अपने बेटे को लेकर घर से बाहर निकल भागी। घर से बाहर निकलकर मोबाइल के माध्यम से अपने पापा तेजराम निषाद एवं चाचा पुष्तम निषाद, मसत राम मांझी को घटना की सूचना दी, उनके आने पर उसके ससुर ने मेरे पापा एवं चाचा के साथ भी वाद विवाद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## पुरखा के सुरता कार्यक्रम 21 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

राजीव लोचन साहित्य संस्था प्रांतीय इकाई की आवश्यक बैठक छ.ग.पेंशनधारी कल्याण संघ भवन भाटापारा में हुई। इस बैठक में 21 सितंबर को भाटापारा में आयोजित होने वाले कार्यक्रम पुरखा के सुरता को अंतिम रूप दिया गया। संस्था के संरक्षक रामेश्वर शर्मा,वरिष्ठ साहित्यकार,संयोजक राजेश चौहान,प्रांतीय अध्यक्ष ऋषि साव, सचिव डॉ इन्द्रदेव यदु, राजाराम रसिक सहित स्थानीय साहित्यकार मौजूद थे।

- काव्य पाठ और सम्मान समारोह के जरिए साहित्य को मिलेगा नया आयाम



कार्यक्रम के प्रथम सत्र में नगर के दिवंगत साहित्यकारगण - स्व. फूलचंद चोपड़ा, स्व. विश्वेंद्रनाथ ठाकुर, स्व.पं शीतल प्रसाद शर्मा, स्व.डॉ शिवकुमार भृगु, स्व. संतराम साहू, स्व. अनंत साव, स्व.हरपाल कांत एवं स्व. घनश्याम रामपुरीक के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा होगी। नगर के वरिष्ठ साहित्यकार बलदेव भारती को राजीव लोचन साहित्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में प्रदेश भर से आए हुए कवियों के द्वारा काव्य पाठ होगा। बैठक में नगर के साहित्यकार - बलदेव भारती, अजय अमृतांशु, राजेश नामदेव, कन्हैया साहू अमित, निवेदिता वर्मा, सीमा अवस्थी, हेतराम कुर्रे, हेमंत मानिकपुरी उपस्थित थे।

### सांस्कृतिक, सामाजिक आयोजनों को मिलेगा नया मंच और नई पहचान

# कृष्णा सिटी कॉलोनी में रंगमंच निर्माण का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर पालिका क्षेत्र के कृष्णा सिटी कॉलोनी में नव-निर्मित रंगमंच के निर्माण कार्य का भूमिपूजन समारोह भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने विधिवत पूजन-अर्चन कर भूमिपूजन की रस्में निभाईं।

- पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा और नपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने किया विधिवत पूजन



यह रंगमंच आने वाले समय में भाटापारा की कला, संस्कृति और सामाजिक गतिविधियों के लिए एक मजबूत आधार साबित होगा। नगर के कलाकारों को जहां मंच मिलेगा, वहीं आम जनता को भी स्थानीय प्रतिभाओं से रूबरू होने का अवसर मिलेगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश तिवारी, नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, पूर्व अध्यक्ष मोहन बांधे, ओमप्रकाश रात्रे, पार्षद बब्बू मंधान, नंदू वैष्णव, सतीश साहू और भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर नगर पालिका अध्यक्ष और पूर्व विधायक ने नगरवासियों को इस निर्माण हेतु बधाई दी और भरोसा जताया कि यह रंगमंच भाटापारा की सांस्कृतिक विरासत को नई दिशा देगा।

### सांस्कृतिक गतिविधियों को मिलेगा नया संबल

भाटापारा में लंबे समय से एक स्थायी सांस्कृतिक मंच की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। रंगमंच के निर्माण से जहां स्थानीय कलाकारों को प्रस्तुति के लिए मंच मिलेगा, वहीं शैक्षणिक और सामाजिक संस्थाओं को भी आयोजनों के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध होगा।

### जनप्रतिनिधियों की रही अहम भूमिका

रंगमंच निर्माण की पहल में जनप्रतिनिधियों की सक्रियता स्पष्ट रूप से देखने को मिली। पूर्व विधायक से लेकर वर्तमान अध्यक्ष तक सभी ने इसे प्राथमिकता में रखा और स्थानीय जनता की मांग को मूर्त रूप देने की दिशा में कदम बढ़ाया।

